अर्द्ध0शा0 परिपत्र संख्याःडीजी- 6 /2013

एसी0 शर्मा,
आई.पी.एस.

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

1-तिलक मार्ग, लखनऊ

दिनांकः लखनऊः फरवरी 2 ,2013

विषय- गुमशुदा बच्चों के सम्बन्ध में विकसित http://trackthemissingchild.gov.in/ साफ्टवेयर में आवश्यक सूचनाओं का अपलोड किये जाने विषयक।

प्रिय महोदय,

जैसा की आप सभी भिज्ञ है कि बच्चों का गुम हो जाना एक अत्यन्त गम्भीर प्रकरण है। इस निमित्त गुमशुदा बच्चों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराने हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा NIC के माध्यम से एक साफ्टवेयर विकसित किया गया है, जिसमें सभी खोए एवं पाये बच्चों की जानकारी अपलोड की जाती है, जिसे Online देखा जा सकता है। इस साफ्टवेयर में दिनांक-30.11.2012 तक के प्रदेश के गुमशुदा बच्चों के सम्बन्ध में आवश्यक सूचनाएं/जानकारी अपलोड करने का कार्य उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा NIC से समन्वय स्थापित कर किया जाएगा।

2. दिनांक 01-12-2012 से गुमशुदा बच्चों की सूचना/जानकारी जनपदों के DCRB प्रभारियों द्वारा सीधे इस साफ्टवेयर में अपलोड की जाएगी। यह साफ्टवेयर URL:- http://trackthemissingchild.gov.in/ पर उपलब्ध है, जिसमें प्रवेश पाने हेतु प्रत्येक जनपद के NIC से प्राप्त Login ID एवं Password संलग्न किये जा रहे है।

3. यह सुनिश्चित किया जाए कि आपके जनपदों के DCRB प्रभारियों द्वारा भविष्य में इस साफ्टवेयर में गुमशुदा बच्चों की जानकारी सीधे अपलोड करते हुए इस साफ्टवेयर का पूर्ण उपयोग किया जाए। इस साफ्टवेयर पर प्रशिक्षण देने हेतु माह फरवरी में सभी जनपदों के DCRB से 02 भिज्ञ कम्प्यूटर कर्मियों को उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा NIC की मदद से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

4. अवगत कराना है कि गुमशुदा बच्चों से सम्बन्धित **क्रिमिनल मिस रिट याचिका संख्या-15630/2006-विष्णु दयाल शर्मा बनाम उ0प्र0 राज्य में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में पोषित हैं।** अतः गुमशुदा बच्चों से सम्बन्धित साफ्टवेयर में आवश्यक सूचनाओं की डाटा इन्ट्री करने हेतु व्यक्तिगत ध्यान देने की आवश्यकता है।

5. इन निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए अंकित बिन्दुओं पर कार्यवाही पूर्ण करा ली जाए।

संलग्नकः- यथोपरि।

भवदीय,

(ए0सी0 शर्मा)

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक(नाम से),
प्रभारी जनपद(नाम से)
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि-1.प्रमुख सचिव, गृह उ0प्र0 शासन, लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2.प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि-अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित है कि माह फरवरी में सभी जनपदों के DCRB से 02 भिज्ञ कम्प्यूटर कर्मियों को NIC की मदद से उक्त प्रशिक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कराते हुए दिनांक-30-11-2012 के पूर्व के गुमशुदा बच्चों की सूचना इस साफ्टवेयर में अपलोड़ कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि-संलग्नक सहित अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे, उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक-यथोपरि।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-
1.अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध शाखा अपराध अनुसंधान विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
2.अपर पुलिस महानिदेशक, मानवाधिकार, उ0प्र0 लखनऊ।
3.पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उ0प्र0।
4.पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उ0प्र0।